माननीय प्रबन्ध परिषद की आपात कालीन 15 वीं बैठक दिनांक 05.12.2009 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की आपात कालीन 15 वीं बैठक दिनांक 05.12.2009 को दोपहर 12:30 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई ।

माननीय प्रबन्ध परिषद की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थी –

1	प्रो0 शिबन किशन काक, कुलपति	अध्यक्ष
2	श्री ओम प्रकाश शर्मा,विधान परिषद सदस्य	सदस्य
3	श्री शाहिद मंजूर , मा0 विधायक	सदस्य
4	श्री हरे नारायण शुक्ल , मण्डलीय अपर निदेशक पेशन एवं कोषागार	सदस्य
5	श्रीमती उर्मिला देवी , सामाजिक महिला कार्यकत्री	सदस्य
6	श्री सतीश कुमार उर्फ सुधीर त्यागी ,कृषि उद्योगपति	सदस्य
7	श्री मनोज कुमार , प्रगतिशील कृषक	सदस्य
8	श्री श्याम सुन्दर , पशु प्रजनक	सदस्य
9	डा0 बीर पाल सिंह, संयुक्त निदेश , केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम, मेरठ	सदस्य
10	श्री राम प्रसाद , वित्त नियन्त्रक	सचिव

माननीय प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए माननीय कुलपति जी / अध्यक्ष ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की ।

सर्व प्रथम मा0 प्रबन्ध परिषद के सम्मानित सदस्य श्री अनिल कुमार यादव , पूर्व विधायक , करहल , नि0 मु0 सदर करहल मैनपुरी (उ0 प्र0) का कार्यकाल दिनांक 08 अक्टूर , 2009 को कुशल पूर्वक पूर्ण होने के उपरान्त उनके कार्यकाल की प्रशंसा की तथा धन्यबाद दिया गया , उनके स्थान पर नव नियुक्त सदस्य श्री श्याम सुन्दर , पुत्र श्री चमन सिंह ग्राम व पोस्ट शाहपुर जनपद गाजियाबाद का स्वागत किया गया ।

प्रस्ताव सं0 1 : **सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय शिक्षकों को छठे वेतन आयोग की रिर्पोट तत्काल लागू करने हेतु दिए प्रत्यावेदन को शासन को संस्तुति सहित प्रेषित करने पर विचार ,ताकि छठे वेतन आयोग की शिफारिशें शीघ्र लाूग हो सके ।**

सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय , मेरठ के समस्त शिक्षकों द्वारा छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू कराने हेतु निरन्तर मॉग की जा रही है । दिनांक 27.11. 2009 एवं पूर्व में दिए गए मॉग पत्रानुसार दिनांक 03.12.2009 से विश्वविद्यालय में कार्य बन्दी की घोषणा की गयी है । प्रबन्ध परिषद के सम्मानित सदस्यों द्वारा इस पर गम्भीरता से विचार किया गया । छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों को राज्य सरकार द्वारा लागू करने की अनुमति अभी तक नहीं दिये जाने के कारण शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है और शैक्षणिक कार्य प्रभावित होने की सम्भावना व्यक्त की गई । सम्मानित सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को प्राथमिकता के आधार पर इस विश्वविद्यालय में तत्काल लागू कराये जाने की संस्तुति शासन को भेज दी जाय और प्रभावी सम्पर्क करके इसे शीघ्र लागू कराये जाने की दिशा में ठोस कार्यवाही विश्वविद्यालय प्रशासन करें । साथ ही प्रबन्ध परिषद शिक्षकों से धरना तत्काल समाप्त करने की अपील करती है और यह भी आश्वस्त करती है कि शिक्षकों की मॉगों के प्रति विश्वविद्यालय प्रशासन पूर्णतया संवेदनशील है और शिक्षकों के विरूद्ध किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की जायगी ।

(कार्यवाही मुख्य कार्मिक अधिकारी)

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को धन्यबाद के साथ बैठक समाप्त की गई ।

(राम प्रसाद)

वित्त नियन्त्रक / सचिव प्रबन्ध परिषद

अनुमोदित

(एस0 के0 काक)

कुलपति / अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद